फोन नं0—05442—245381

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,
## उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बथुआ गॉधीघाट नकहरा रोड, मीरजापुर।

**Mo. No.- 9473942677**
**Email Id- jalnigam3@gmail.com**

सेवा में,

जिलाधिकारी महोदय,
मीरजापुर।

पत्रांक 6117 / एम–6 / 96 दिनांक 06.06.2026

विषयः— जनपद मीरजापुर के हिन्दुस्तान ई–समाचार पत्र में दिनांक 06.06.2026 को "चौपाल में पेयजल संकट का ग्रामीणों ने उठाया मुद्दा" शीर्षक से प्रसारित समाचार की आख्या।

महोदय,

उपरोक्त विषयक के संबंध में अवगत कराना है कि जनपद मीरजापुर के हिन्दुस्तान ई–समाचार पत्र में दिनांक 06.06.2026 को "चौपाल में पेयजल संकट का ग्रामीणों ने उठाया मुद्दा" शीर्षक शिकायत प्राप्त हुई है। अवगत कराना है कि विकास खण्ड छानबे में दांती ग्राम समूह पेयजल–भूजल श्रोत द्वारा जलापूर्ति की जाती है। ग्राम जासा बघौरा में 90 प्रतिशत से अधिक हाउस कनेक्शनों में जलापूर्ति प्राप्त हो रही है एवं 10 प्रतिशत हाउस कनेक्शन जलापूर्ति से वंचित है जिसका कारण स्थानीय विवाद की वजह से पाइप लाइन इण्टर कनेक्शन कार्य लम्बित होना है। उक्त के समाधान हेतु स्थानीय जनता से समन्वय स्थापित किया जा रहा है। ग्राम बजटा में 95 प्रतिशत से अधिक हाउस कनेक्शनों में जलापूर्ति प्राप्त हो रही है एवं 05 प्रतिशत हाउस कनेक्शन जलापूर्ति से वंचित है। उक्त के समाधान हेतु पाइप लाइन चोकेज मरम्मतीकरण कार्य प्रगति पर है, दिनांक 21.06.2026 तक जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी जायेगी। समाचार पत्र में वर्णित चकिया एवं जोड़उरा बस्ती ग्राम बजटा अन्तर्गत स्थित है, विषयक बस्ती में जलापूर्ति प्राप्त हो रही है।

भवदीय

(राजेश कुमार गुप्ता)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2. मुख्य विकास अधिकारी, मीरजापुर।
3. जिला सूचना अधिकारी, मीरजापुर।

अधिशासी अभियन्ता